26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 22 जून, 2026

अंक- 238 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## न चेकिंग, न ड्रेस कोड, प्राइवेट कर्मचारियों से गिनवाए जा रहे थे नोट

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर चढ़ावे चोरी मामले की एसआईटी जांच कर रही है। इसी बीच एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एसआईटी को हर स्तर पर घोर लापरवाही मिली है। राम मंदिर ट्रस्ट की रकम में बैंकिंग का काम देख रही एसबीआई का ही नोट अलग कराने/गड्डी बनवाने और गिनवाने का काम था। एसबीआई निजी सिक्योरिटी एजेंसी के कर्मचारियों को ठेके पर लेकर नोट गिनवाती थी। जानकारी के अनुसार एसबीआई ने वाराणसी की निजी सिक्योरिटी एजेंसी को ठेका दिया था। निजी सिक्योरिटी एजेंसी ने राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोगों की सिफारिश पर अयोध्या के ही लड़कों को नोट गिनवाने के काम में रख दिया था। परिचित की सिफारिश पर ही नौकरी मिलने की प्रथा पर अनुकल्प मिश्रा ने अपने साले लवकुश मिश्रा को राम मंदिर ट्रस्ट में नौकरी पर लगवा दिया था। ड्यूटी पर आने-जाने के दौरान चेकिंग में भी लापरवाही सामने आई है। कौन क्या लेकर आ रहा क्या लेकर जा रहा, कोई जांच नहीं होती थी। घरेलू कपड़ों में ही कर्मचारी राम मंदिर ट्रस्ट के कमरे में बैठकर नोट गिनने लगते थे। सीसीटीवी कैमरा की फुटेज देखने में भी लापरवाही सामने आई है।

# बिजनौर थाने में युवती ने खुद को लगाई आग, हड़कंप मचा

## 60 प्रतिशत झुलसी, मेरठ रेफर

### थाना प्रभारी निलंबित

बिजनौर ( चिंगारी )। इन्साफ की आस में करीब दो वर्षों से पुलिस और अदालतों के चक्कर काट रही एक युवती ने रविवार देर रात बिजनौर थाना कोतवाली में खुद को आग लगा ली, जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। इस दर्दनाक घटना में युवती करीब 60 प्रतिशत तक झुलस गई। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल से मेरठ रेफर किया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जांच एएसपी सिटी के.जी. सिंह को सौंपी है।

### प्यार, भरोसा और फिर टूटे सपनों की दर्दनाक कहानी

किरतपुर क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुर साहू निवासी अवनीशा चौधरी की पहचान पढ़ाई के दौरान ग्राम स्वाहेड़ी निवासी सौरभ पुत्र संजय से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने। युवती का आरोप है कि सौरभ लंबे समय तक उससे शादी का वादा करता रहा, लेकिन सेना में भर्ती होने के बाद उसने विवाह से इंकार कर दिया। इससे आहत होकर अवनीशा ने 13 अगस्त 2024 को सौरभ तथा उसके परिवार के चार अन्य सदस्यों के खिलाफ बिजनौर थाने में पॉक्सो एक्ट एवं दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस जांच के दौरान कॉल डिटेल रिकॉर्ड ( सीडीआर ) और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुकदमे मे एफआर लगा दी थी। इसके बाद भी युवती ने अधिकारियों और अदालतों के दरवाजे खटखटाती रही, लेकिन उसे अपेक्षित राहत नहीं मिली।

विस्तृत खबर पेज 4 पर

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES भगन्दर FISTULA फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

RVIT
leading RVITians...

17 YEARS OF QUALITY EDUCATION



ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING • PHARMACY MANAGEMENT

2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS | 990+ WORKSHOP TOURS | 85% PLACEMENTS IN 2025-26

MILESTONES Excellence Awards
Year After Year.







B.TECH.
ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE

POLYTECHNIC
ME, ELECTRONICS, CE

D. PHARM
DIPLOMA IN PHARMACY

B. PHARM
BACHELOR OF PHARMACY

BBA
BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION

BCA
BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS

ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY

Courses Offered



Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.

Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.



Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.

College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts



Admission Open

Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)

01342-2622729412217505/506/507/508

www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# मजार प्रकरण को लेकर डीएम से मिले सपाई

## बोले- दोषियों के विरुद्ध हो कार्रवाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** धामपुर के निसार बाबा मजार प्रकरण को लेकर आज पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में सपा नेताओं ने कहा कि धामपुर की टीचर्स कॉलोनी के निकट स्थित निसार पीर बाबा की मजार लगभग 500 वर्ष पुरानी है और क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि मजार तक पहुंचने के लिए पहले से ही पैदल मार्ग उपलब्ध था, लेकिन कुछ लोगों द्वारा अपनी सुविधा के लिए रास्ता चौड़ा करने का प्रयास किया गया। 19 जून की रात पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से मजार की दीवार को क्षतिग्रस्त किया गया, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। सपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि जिस मार्ग को लेकर क्षेत्र के लोग विवाद उत्पन्न कर रहे हैं, उसका कोई स्पष्ट रिकॉर्ड सरकारी अभिलेखों में दर्ज नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष हनी फैसल, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, जिला महासचिव धनंजय यादव, प्रभा चौधरी, अमित चौहान, निसार अहमद मुल्तानी, नौशाद अहमद, वजीर अहमद, तनवीर अहमद, नसीम राणा, बीके कश्यप, मुजाहिद हुसैन, अखलाक पप्पू, जावेद, शाहिद, अशोक आर्य, अरमान अली, शोएब, मेहताब, शराफत अली आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डॉ. मौहम्मद शाहवेज को सम्मानित किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी के चचेरे भाई मोहम्मद शाहवेज पुत्र अब्दुल कय्यूम ने अपनी मेहनत-लगन से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर नगर का नाम रोशन किया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्था लखनऊ में एमबीबीएस की शिक्षा पूरी करने पर मौ. शाहवेज को बैचलर ऑफ मेडिसिन एण्ड बैचलर ऑफ सर्जरी (एमबीबीएस) की उपाधि से नवाजे जाने पर कांग्रेसी नेता अमजद सिद्दीकी व नदीम फारूकी ने उन्हें बधाई देते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हाजी अब्दुल कय्यूम, हाजी नसीम अहमद, मोहम्मद फैसल आदि मौजूद रहे।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

## योग को जीवन का हिस्सा बनायें



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योगासन किये गये तथा योग के लाभ गिनाये गये। उपस्थित लोगों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम सहित विभिन्न योगासन किये। योग प्रशिक्षक पीयूष के मार्गदर्शन में सभी ने योग डीएनए थीम के तहत योग को दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने का संकल्प व्यक्त किया। विद्यालय के एम.डी., पूर्व सैनिक डालचन्द पाल, प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत ने कहा कि योग को हमें अपने जीवन में उतारने की सख्त जरूरत है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार, भाजपा के नांगल मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र राजपूत, उदयवीर सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर ने कईगांवों में आयोजित किये योग कार्यक्रम

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** भारतीय शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ (बिजनौर) में प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह के दिशा निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उद्गीत, भ्रामरी, भस्त्रिका अनुलोम-विलोम और उज्जाई प्राणायाम के साथ-साथ वज्रासन, पश्चिमोत्तासन, सर्वांगसम आसान, स्वसान, ताड़सन, हस्तपादासन एवं वार्मिंग - अप क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। विद्यालय प्रांगण में मनोज वर्मा ने योग अभ्यास करते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि योग स्वास्थ्य में वृद्धि के साथ-साथ हमारे मानसिक तनाव को दूर करता है। यदि इसका प्रतिदिन अभ्यास किया जाए तो यह हमें अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ दीर्घ जीवन की प्राप्ति में सहायता करता है। इसी के साथ-साथ विद्यालय द्वारा विभिन्न गांवों जिसमें जिकरीवाला, गढ़वावाला, भूतपरी, कासमपुर गढ़ी, नाबका, भागजोत एवं शिवपुरी में भी योग दिवस के अवसर पर जनमानस को योग के प्रति जागरूक करने हेतु 60 मिनट के लिए योग, आसन, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास में 111 छात्र-छात्राएं, 20 समाज के गणमान्य लोग, 20 पुरातन छात्र, 18 अविभावक एवं 17 आचार्य एवं आचार्या कुल मिलाकर 192 लोग सहभागी रहे। कार्यक्रम को आयोजित कराने में सर्वश्री सत्येंद्र कुमार, थम्मन सिंह, प्रतीक लोहिया, ऋषिपाल सिंह, ऋषभ बिश्नोई, आदित्य विश्नोई, वंश भार्गव आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया ।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# सन्नी सरदार को लाया गया हल्दौर, बाज़ार में मचा शोर

## आंध्र प्रदेश की पुलिस चोरी के मामले में अपने साथ लायी

## सर्राफा व्यापारी की दुकान पर नोटिस किया चस्पां

**हल्दौर ( चिंगारी )। पूर्व सभासद हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी सरदार को आंध्र प्रदेश की जीआरपी पुलिस ट्रेन में हुई लाखों रुपए के सोने व हीरे के जेवरात की हुई चोरी के मामले में हल्दौर थाने लेकर पहुंची, जिससे सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया और कई लोग भूमिगत हो गए।**

रविवार की अपराह्न आंध्र प्रदेश के गुंतकल जीआरपी पुलिस भोपाल से हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी को रिमांड पर लेकर अपने यहां ट्रेन में हुई चोरी के माल की बरामदगी हेतु हल्दौर थाने पहुंची। इंस्पेक्टर अजय कुमार की अगुवाई में पहुंची पांच सदस्यीय टीम ने सन्नी से पूछताछ की और उसकी निशानदेही पर नगर के एक सर्राफा व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उपस्थित होने के लिए नोटिस चस्पां किया। सन्नी सरदार के हल्दौर आने की भनक लगते ही नगर के सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया और कई लोग अपनी दुकानों व घरों से हट गए। आंध्र प्रदेश के गुंतकल जीआरपी इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि उनके यहां पिछले साल कर्नाटक एक्सप्रेस में एक यात्री के करीब आधा किलो सोने व हीरे के जेवरात चोरी हो गए थे। उसी मुकदमे में हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी को रिमांड पर लेकर माल बरामदगी हेतु वह अपनी टीम के साथ हल्दौर आए हैं। शाम को जीआरपी पुलिस सन्नी को लेकर हल्दौर थाने से चली गई। मालूम हो कि विगत 11 अप्रैल को मध्य प्रदेश के भोपाल की जीआरपी पुलिस भी अपने यहां ट्रेन में हुई चोरी के माल की बरामदगी हेतु सन्नी को लेकर हल्दौर आयी थी। नगर में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाओ का बाजार गर्म हैं।


# 'आप' ने राम मंदिर में चंदा चोरी के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन


कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश अनुसार आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नजीबाबाद में आम आदमी पार्टी कार्यालय पर प्रभु श्रीराम के मंदिर में चंपत राय व उनके कार्यकर्ताओं द्वारा की गई कथित चोरी व करोड़ों की कथित लूट खसोट के विरोध में धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने इस घटना में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की सरकार से मांग की। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र चौहान ने कहा कि इस डकैती में जितने भी लोग शामिल हैं, सबको कठोर से कठोर सजा दी जाएं। इन्होंने ऐसा पाप किया है, जो क्षमा योग्य नहीं है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र चौहान, जिला वरिष्ठ उपाध्याय अबरार अहमद, जिला कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद हनीफ, जिला कार्यकारिणी सदस्य बलबीर सिंह, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार, पार्टी कार्यकर्ता शाहवेज खान, नवाब अहमद, मोहम्मद नाजिम, राहत व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# भागूवाला के कढ़ाई कारीगर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की



**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम भागूवाला निवासी परवेंद्र राजपूत (40 वर्ष) पुत्र रामकिशन राजपूत ने अपने घर में पंखे से लटककर फांसी लगा ली। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परवेंद्र राजपूत जयपुर में रहकर कढ़ाई करने का कार्य करता था। कुछ दिन पूर्व अपने घर आया था। मृतक अपने पीछे दो बच्चों व पत्नी को रोता-बिलखता छोड़ गया। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, भागूवाला पुलिस चौकी इंचार्ज अमूल मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने परिजनों के अनुसार बताया कि मृतक परवेंद्र राजपूत व उसकी पत्नी ज्योति राजपूत कमरे के बाहर सो रहे थे और सुबह तड़के के समय परवेंद्र राजपूत कमरे के अंदर सोने को कहकर चला गया वहां पंखे से लटककर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत, बुआ घायल


मृतक का फाइल फोटो

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रविवार दोपहर एनएच-34 (बैराज रोड) स्थित अंडरपास के पास तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी बुआ गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। बाद में पुलिस ने वाहन को पकड़ लिया।

समीपवर्ती ग्राम घासीवाला निवासी मोहम्मद शाद (18 वर्ष) पुत्र शहादत अली रविवार की दोपहर अपनी बुआ हुसन जहां को बुखारा से बाइक पर लेकर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव झकड़ी मार्ग स्थित अंडरपास के पास पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद शाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी बुआ का उपचार चल रहा है।

**भली लगे या बुरी ...**

## क्षेत्रीय दलों में बिखराव

हालिया विधानसभा चुनावों के बाद क्षेत्रीय दलों में जबरदस्त बिखराव है, कई दलों का तो अस्तित्व ही खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। ऐसे में भाजपा नीत राजग लाभ की स्थिति में आता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्रीय दलों के अंदरूनी कारणों से उनमें बिखराव हुआ है, बल्कि यह भाजपा की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। जिससे वह देश में राजनीतिक परिदृश्य पर अपना वर्चस्व सिद्ध करने के साथ ही संसद में महिला आरक्षण संशोधन कानून फिर से पास करवाने के लिए प्रयास कर सकती है। दरअसल, नए किसान कानूनों को वापस लेने के बाद मोदी सरकार को महिला आरक्षण संशोधन बिल पर विपक्ष ने करारा झटका दिया था। जो लोग नरेंद्र मोदी और अमित शाह को जानते हैं, वे ये भी जानते होंगे कि विपक्ष के हाथों चोट खाना इनको बिल्कुल बर्दाश्त नहीं है। अपनी जीत के लिये मोदी और उनके सिपहसालार किसी भी हद तक जा सकते हैं। हालिया विधानसभा चुनावों में बंगाल पर विजय के बाद भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग का देश के 80 प्रतिशत भूभाग पर कब्जा हो गया है और कुल 76 प्रतिशत जनता उसके शासन के अंतर्गत आ गई है। पश्चिम बंगाल में पराजय के बाद तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसद अलग होकर त्रिपुरा के एक अनजाने दल नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हो गए जिसके कोई सांसद या विधायक नहीं थे, लेकिन वह राजग में शामिल है। इसके बाद टीएमसी के बागी सांसद राजग समर्थक हो गए हैं। हालांकि, ममता के नेतृत्व वाली टीएमसी ने इस बगावत के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है, लेकिन दलबदल विरोधी कानून के अंतर्गत उनको अयोग्य ठहराना लगभग असंभव है। इसका कारण यह है कि बागियों की नेता काकोली घोष टीएमसी की चीफ व्हिप हैं और उनको इस पद से टीएमसी ने हटाया नहीं था। विधायकों और सांसदों की बगावत के बाद टीएमसी के अधिकांश राज्यसभा सदस्य भी उससे अलग हो रहे हैं। हाल ही में महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के छः सांसदों ने बगावत कर एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना में शामिल होने की घोषणा की है। क्षेत्रीय दलों की इस भगदड़ से कहा जा रहा है कि सपा भी अप्रभावित नहीं है और प्रोफेसर रामगोपाल द्वारा गृहमंत्री अमित शाह को लिखा गया कथित पत्र चर्चा में है। साफ है तोड़फोड़ और बगावत, बिखराव का सिलसिला अभी थमने वाला नहीं है।

# दुष्कर्म व शादी के झांसे के मामले में कार्रवाई न होने से थी आहत

## दूसरा मुकदमा दर्ज कराया लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई

**प्रथम पृष्ठ का शेष**


बिजनौर (चिंगारी)। अवनीशा द्वारा आत्मदाह का प्रयास किये जाने से थाने में हड़कम्प मच गया। थाने में मौजूद किसी भी पुलिस वाले को जरा भी आशंका नहीं थी कि अवनीशा ऐसा कदम उठायेगी। अवनीशा ने वर्ष 2025 में अपने कथित प्रेमी सौरभ के खिलाफ शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और विवाह से मुकरने का आरोप लगाते हुए एक और मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट तो दाखिल कर दी, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। दरअसल, सौरभ ने हाईकोर्ट से अरेस्टिंग स्टे ले लिया था। परिजनों के अनुसार अवनीशा चाहती थी कि पुलिस आरोपी को बुलाकर उसकी बात कराए और मामले का कोई समाधान निकाले। पुलिस ने उसे आश्वासन भी दिया था।

### थाने में घंटों इंतजार, फिर उठाया ख़ौफनाक क़दम

रविवार को अवनीशा अपनी मां सीमा और अन्य परिजनों के साथ बिजनौर थाने पहुंची थी। उसे उम्मीद थी कि सौरभ भी आएगा और उसकी बात होगी, लेकिन देर रात तक सौरभ के न पहुंचने पर वह निराश और आक्रोशित हो गई। हालांकि पुलिस वाले उसे लगातार समझाते रहे कि आरोपी अगले दिन आ जाएगा, लेकिन वह थाने से जाने को तैयार नहीं थी। रात 10 बजकर 53 मिनट पर अचानक उसने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। कुछ ही क्षण में वह आग की लपटों में घिर गई और थाना परिसर चीख-पुकार से गूंज उठा। पुलिसकर्मियों तथा वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थी।

### आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया

घटना के तुरंत बाद पुलिसकर्मियों ने युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा थाने पहुंचे और जानकारी ली। एसपी ने बताया कि पुलिस ने युवती को मुकदमों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया था, लेकिन वह संतुष्ट नहीं हुई और उसने आत्मघाती कदम उठा लिया।




### अवनीशा को थी मानसिक सहारे की भी जरूरत

अवनीशा की कहानी केवल एक मुकदमे या पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं है। करीब दो वर्षों से वह न्याय की उम्मीद में लगातार संघर्ष कर रही थी। लंबे समय तक चलने वाली कानूनी प्रक्रिया, बार-बार की निराशा और मानसिक तनाव ने उसे भीतर तक तोड़ दिया है। यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि गंभीर मानसिक पीड़ा से गुजर रहे लोगों को केवल कानूनी सहायता ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, परामर्श और मनोवैज्ञानिक सहयोग की भी आवश्यकता होती है।

### संघर्षों से भरा रहा अवनीशा का जीवन

अवनीशा एक होमगार्ड की पुत्री है। वर्षों पूर्व डीएम कार्यालय के पास हुई गोलीबारी की घटना में उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। पति की मौत के बाद उसकी मां सीमा ने इस्लामपुर साहू निवासी नरेश से विवाह कर लिया था। अवनीशा और उसके भाई का पालन-पोषण सौतेले पिता नरेश ने ही किया।

### जलती हालत में थाना प्रभारी कक्ष तक पहुंच गई थी युवती

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्वयं को आग लगाने के बाद भी अवनीशा थाना प्रभारी के कक्ष तक पहुंच गई थी। बताया जाता है कि वह अत्यंत आक्रोशित थी। वह थाना प्रभारी की ओर बढ़ने लगी। हालांकि बीच में मौजूद मेज और अन्य लोगों की मौजूदगी के कारण स्थिति और अधिक गंभीर नहीं हो सकी। समय रहते लोगों ने आग में लिपटी अवनीशा को रोक लिया।

### पहले भी कर चुकी थी आत्मदाह का प्रयास

सूत्रों के अनुसार अवनीशा लंबे समय से मानसिक तनाव में थी। करीब तीन-चार माह पहले उसने बरेली स्थित एडीजी कार्यालय के बाहर भी आत्मदाह का प्रयास किया था, लेकिन उस समय लोगों की सतर्कता के कारण उसकी कोशिश नाकाम हो गई थी।

### फरियादियों ने दिखाई इंसानियत, आग बुझाने में निभाई अहम भूमिका

घटना के समय थाना परिसर में नई बस्ती क्षेत्र के कुछ लोग एक विवाद के सिलसिले में मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आत्मदाह से पहले अवनीशा काफी उत्तेजित थी और पुलिसकर्मियों से तीखी बहस कर रही थी। जैसे ही उसने खुद को आग लगाई, वहां मौजूद लोग सकते में आ गए। उन्होंने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान थाना कार्यालय का मुंशी कंबल लेकर दौड़ा और सभी ने मिलकर किसी तरह आग पर काबू पाया।

### सौतेले पिता ने दिया था ज्वलनशील पदार्थ

घटना के बाद पुलिस ने थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रात 10 बजकर 41 मिनट पर अवनीशा के सौतेले पिता नरेश उसे एक बोतल देते दिखाई दे रहा है। फुटेज सामने आने के बाद जांच का दायरा और बढ़ गया है।

### जांच के घेरे में कई सवाल

इस घटना ने कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए हैं- क्या युवती की मानसिक स्थिति को समय रहते समझा जा सकता था? क्या पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए थी? क्या लंबे समय से न्याय की लड़ाई लड़ रही पीड़िता को पर्याप्त परामर्श और सहयोग नहीं मिला? इन सवालों के जवाब अब जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएंगे, लेकिन फिलहाल बिजनौर की यह घटना चर्चा और चिंता का विषय बनी हुई है।

### कोतवाल पर गिरी गाज

थाना परिसर में हुई इस गंभीर घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने सख्त कदम उठाया। उन्होंने थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यदि समय रहते स्थिति की गंभीरता को समझा जाता और पर्याप्त सतर्कता बरती जाती तो इस घटना को टाला जा सकता था।

## अब अवनीत मान बिजनौर कोतवाल

बिजनौर (चिंगारी)। निलंबित किये गये थाना कोतवाली शहर के इंचार्ज अमर सिंह राठोर के स्थान पर नगीना थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अवनीत मान को थाना कोतवाली शहर बिजनौर की कमान सौंपी गई है। उधर, अवनीत के स्थान पर कोतवाली देहात थाने के इंचार्ज उपनिरीक्षक विकास कुमार को नगीना थाने का चार्ज दिया गया है। कोतवाली देहात की कमान स्वाट टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील कुमार को सौंपी गई है। पुलिस लाइन से धर्मेंद्र सिंह को स्वाट का प्रभारी बनाया गया है।



# उत्तराखण्ड के इतिहास में पहली बार

# कोई आईएएस अफ़सर होगा बर्खास्त!

## हरिद्वार नगर निगम के 58 करोड़ रुपये के घोटाले में मुख्यमंत्री ने उठाया बड़ा कदम

## चिंगारी सांध्य दैनिक ने किया था घोटाले का भण्डाफोड़

**( नरेश कुमार गुप्ता )**

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** हरिद्वार नगर निगम के 58 करोड़ रुपए ठिकाने लगाने वाले आईएएस अधिकारी वरुण चौधरी को बर्खास्त करने की संस्तुति मुख्यमंत्री द्वारा कर दिए जाने के बाद राज्य में भूचाल आ गया है। उत्तराखंड के इतिहास में यह पहला मामला है, जिसमें मुख्यमंत्री ने इतना कड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री धामी ने यह कदम उठाकर राज्य की जनता व अधिकारियों को यह बता दिया है कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

चिंगारी EXCLUSIVE

वरूण चौधरी की कारगुजरियां तभी से चल रही थीं, जब से वे हरिद्वार आए थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार स्थित हर की पैड़ी पर कई हजार दीपक जलाकर हरिद्वार की हर की पैड़ी के इतिहास में एक रिकॉर्ड बनाया था। इस कार्य में भी वरुण चौधरी ने खेल कर दिया था। दीपक, तेल व रूई की बत्तियां खरीदने के नाम पर भी घोटाला हुआ था।

उसी दिन लग गया था कि वरुण चौधरी के ऊपर मां गंगा की निगाह तो कोई न कोई गुल खिलाकर रहेगी, लेकिन वरुण चौधरी ने नगर आयुक्त हरिद्वार रहते हुए नगर निगम के 58 करोड़ रुपए ठिकाने लगा दिये, जिसमें अपने साथ एक दर्जन अधिकारियों को और लपेट लिया।




नगर निगम हरिद्वार के तत्कालीन नगर आयुक्त रहे वरुण चौधरी कौड़ियों की भूमि करोड़ों में खरीदकर पैसे की लूट करके हरिद्वार से चुपचाप निकलकर देहरादून सचिवालय में जाकर बैठ गए। लेकिन जब ऊपर वाले की निगाह टेढ़ी होती है, तो आप 7 तालों में जाकर बैठ जाएं, व छोड़ता नहीं है / यही हाल वरुण चौधरी के साथ हुआ। वरुण चौधरी के ऊपर तमाम तरह के भ्रष्टाचार के आरोप तो काफी पहले से लग रहे थे, लेकिन उस समय नगर निगम में अकेले वरुण चौधरी का ही राज था, हालांकि उस समय नगर निगम के प्रशासक तत्कालीन जिलाधिकारी थे।

### बीजेपी बोर्ड ने पकड़ी वरुण चौधरी की लूट

कागजों में वरुण चौधरी की कारगुजारी उस समय पकड़ में आई जब नगर निगम में बीजेपी का ही बोर्ड बन गया और बीजेपी की मेयर किरण जैसल व सारे पार्षदों ने इस महा घोटाले की जांच की मांग की। इसकी भनक जैसे ही चिंगारी सांध्य दैनिक को लगी तो चिंगारी ने प्रमुखता से वरुण चौधरी का नाम लिखते हुए यह ख़बर प्रकाशित की।


चिंगारी UPDATE

हरिद्वार। आई ए एस ने कर दिया खेल ,58 करोड़ की खरीद ली 35 बीघा जमीन।

हरिद्वार नगर निगम के एम एन ए रहते हुए वरुण चौधरी ने 58 करोड़ रुपए की सराय स्थित ऐसी जमीन को उस समय खरीद लिया जब ना तो नगर निगम में कांग्रेस की सरकार थी और ना ही बीजेपी की सरकार थी नगर निगम के मालिक स्वयं एमएन ए साहब थे साहब ने खुद ही प्रस्ताव बनाया और खुद ही जमीन खरीद ली सराय के पीछे जहां पूरे शहर का कूड़ा पड़ता है उसके बराबर में खरीदी गई यह जमीन 10 करोड़ की भी नहीं है ।आज भी बाजार में अगर इस जमीन को खरीदने जाया जाए तब भी इसके कोई 10 करोड़ नहीं देगा ।लेकिन यहां सर्किल रेट ज्यादा है इसी का फायदा साहब ने उठाया अब इसकी भनक बीजेपी के बोर्ड को लगी है तो नगर निगम की मेयर किरण जैसल ने इस प्रकरण की जांच के आदेश देने के साथ कोर्ट जाने व शासन को अवगत कराने की बात की है।




### मुख्यमंत्री की छवि में इस कार्यवाही से आया निखार

इस प्रकरण ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि को निखारने का काम किया है। यदि मुख्यमंत्री इसी तरह भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को पनिशमेंट देने का काम करते रहे, तो राज्य में पुनः बीजेपी की सरकार आने से कोई नहीं रोक पाएगा। लेकिन इसके लिए मुख्यमंत्री को निरंतर कार्यवाही करते रहनी होगी, और अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों व मंत्रियों तक पर निगाह रखनी होगी।

### धमकी दी थी या तो ख़बर का खंडन छापो नहीं तो मुकदमा करूंगा

इस ख़बर के प्रकाशित होते ही हरिद्वार से लेकर राजधानी तक हड़कंप मच गया था। वरुण चौधरी ने हरिद्वार के कुछ अपने चहते पत्रकारों के जरिए प्रेस कांफ्रेंस कर बाकायदा धमकी दी कि मैं चिंगारी और उसके संवाददाता नरेश गुप्ता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करूंगा। उनको नोटिस भिजवाऊंगा अन्यथा वे इस ख़बर का खंडन करें। वरुण चौधरी को शायद पता नहीं होगा कि चिंगारी की ख़बरें तथ्यों पर आधारित होती हैं, इसलिये माफी मांगने का सवाल ही नहीं होता। हालांकि वरुण चौधरी के बयान के बाद हरिद्वार के कुछ क़लमकारों की बांछे खिल गईं। उन्हें लगा कि अब तो नरेश गुप्ता गए। अगले दिन फिर लिखा गया,तो मुख्यमंत्री को इस घोटाले की जांच के आदेश देने पड़े और वरूण चौधरी को निलंबित किया गया।




### नगर निगम बोर्ड की प्रमुख भूमिका रही

इस प्रकरण में महत्वपूर्ण भूमिका नगर निगम हरिद्वार की मेयर किरण जेशल व बोर्ड के पार्षदों की रही। इन लोगों ने पहली बैठक में ही साफ-साफ शब्दों में कह दिया था कि इस प्रकरण की जांच कराई जाए, अन्यथा इस प्रकरण को हम हाईकोर्ट तक लेकर जाएंगे। यदि यह मामला बोर्ड की मेयर व भाजपा पार्षद नहीं उठाते तो,


आईएएस वरूण चौधरी।

शायद चिंगारी को भी इसकी भनक नहीं लगती, लेकिन भनक लगते ही जब चिंगारी ने अपना कर्तव्य निभाते हुए इस लूट का खुलासा किया तो हड़कंप मच गया। एक साल बीत जाने के बाद अब जाकर बड़ी कार्यवाही की हरी झंडी मुख्यमंत्री द्वारा दी गई है।

### एक साल तक चली जांच

एक साल तक जांच चली। पहले आईएएस रणवीर चौहान, फिर विजिलेंस फिर चीफ सेक्रेटरी के नेतृत्व में जांच, फिर विशेष ऑडिट जांच व कई तरीके की जांच होती रही। और वरुण चौधरी व उसकी टीम घेरे में आती रही। जो लोग वरुण चौधरी को बचाने का प्रयास कर रहे थे, उनको भी हथियार डालने पड़े और मामला सबके सामने है।

### नगर निगम के 58 करोड़ की रिकवरी कैसे और किससे होगी ?

**सबसे प्रमुख बात यह है कि यह सारी कार्यवाही तो हो ही रही है, लेकिन नगर निगम के 58 करोड़ रुपए की रिकवरी कैसे होगी। यह एक बड़ा यक्ष प्रश्न बना हुआ है। वरुण चौधरी के साथ इस खेल में और कौन-कौन मिला हुआ था, इसकी जांच भी अगर हो जाए तो लोग भौंचक्के रह जाएंगे।**

### इन पर आयी आंच

**वरुण चौधरी की बर्खास्तगी की संस्तुति व तत्कालीन जिलाधिकारी कमरेंद्र सिंह को मेजर पनिशमेंट व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये हैं। अब यह एफआईआर क्या गुल खिलाती है, किस-किस को जेल होती है यह देखना है।**



//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# धूमधाम से मनाया गया गुरु हरगोविंद सिंह जी का 70वां प्रकाश पर्व

## गांव में निकाला गया नगर कीर्तन, जगह-जगह हुआ फूलों से स्वागत

**बिजनौर ( चिंगारी )। रविवार को ग्राम गजरौला अचपल के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से गुरु हरगोविंद सिंह का 70वां महान कीर्तन प्रकाश परब श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गुरुद्वारे में अखंड पाठ, शबद कीर्तन के साथ गुरुद्वारा में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।**

कथावाचक हरवीर सिंह द्वारा गुरु हरगोविंद सिंह साहब जी के 70वें जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजकल जो लोग सिखी धर्म से भटक रहे हैं उन्हें सिखी का रास्ता बताया गया। उन्होंने सिखी धर्म के लोगों को अपने बच्चों को उच्च विचार व धर्म शिक्षा के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। सरदार प्रीतम सिंह सुरमा द्वारा शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया गया। दाढ़ी जत्था ग्रामीण सिंह सिख मिशन काशीपुर व इंचार्ज सुखविंदर सिंह काशीपुर ने गुरु हरगोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। भाई अमरजीत सिंह डाली तथा भाई गुरमीत सिंह ने भी अपने वचनों से संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारे में सेवा करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। शाम के समय नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गो से होता हुआ गुरुद्वारे में जाकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन का जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया। गर्मी के मौसम में ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं के लिए ठंडे शरबत का स्टाल लगाकर गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत पिलाया।




नगर कीर्तन में गुरु नानक जी की पालकी निकाली गई। इस दौरान अखाड़े में खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी का मन मोह लिया। नगर कीर्तन में महिलाएं हाथों में झाड़ू लेकर साफ सफाई करती चल रही थीं।

### रात में रास्तों की सफाई की

**गुरु सिंह सभा कमेटी की ओर से रात्रि दस बजे कमेटी सदस्यों ने जिन रास्तों से नगर कीर्तन निकाला जाता है, ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर रास्तों में पड़े कूड़े कचरे को उठाकर ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर सफाई की। साफ सफाई में सुनील कुमार, योगेश कुमार, तेजपाल सिंह, गुरविंदर सिंह, अशोक कुमार आदि नवयुवकों ने साफ-सफाई में सहयोग किया।**

कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में प्रधान तेजपाल सिंह, खजांची सरदार भूरे सिंह, मंनदीप सिंह, सरदार बिजेंदर सिंह, सरदार राजेश सिंह, सरदार अजय सिंह, मनिंदर सिंह, शक्ति सिंह, मरने सिंह आदि ग्रामीणों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में आए लोगों का प्रधान तेजपाल सिंह खजांची सरदार भूरे सिंह ने आभार व्यक्त किया।





# नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच हो- देवेश कुमार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश महामंत्री एवं जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन बिजनौर के चेयरमैन देवेश कुमार ने जनपद में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से इस विषय में गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया है।

देवेश कुमार ने कहा कि नशे की लत से ग्रसित व्यक्तियों को उनके परिजन बेहतर उपचार और सुधार की उम्मीद के साथ नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती कराते हैं, लेकिन कई अभिभावकों द्वारा यह शिकायत की जाती है कि कुछ केंद्रों में मरीजों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता।



उन्होंने कहा कि यदि किसी मरीज द्वारा मुलाकात के दौरान अपनी परेशानी या शिकायत व्यक्त की जाती है, तो उसकी बात को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में मरीज के साथ अमानवीय व्यवहार नहीं होना चाहिए तथा उसे भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सम्मानजनक व्यवहार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

देवेश कुमार ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की कि जनपद में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों की समय-समय पर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी केंद्र निर्धारित मानकों और मानवाधिकारों के अनुरूप कार्य करें।

# रिश्ते के कार्यक्रम में युवक पर लोहे की कुर्सियों से हमला

**नहटौर ( चिंगारी )।** झालू मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित रिश्ता समारोह के दौरान एक युवक पर लोहे की कुर्सियों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना से कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम स्वाहेड़ी निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि वह 18 जून को एक रिश्ते के कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। जब वह भोजन कर रहे थे, तभी पुरानी रंजिश या किसी बात को लेकर उदयवीर सिंह, अशुल कुमार, विपिन कुमार और उनके एक अज्ञात साथी ने उन पर लोहे की कुर्सियों से हमला कर दिया। हमले में मनोज की पसलियों में गंभीर चोटें आई हैं। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साथ ही प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मनोज की तहरीर के आधार पर अंशुल कुमार पुत्र शीशराम सिंह निवासी जरीफपुर पाडला, विपिन कुमार पुत्र सुरेश सिंह निवासी जलालपुर पपसरा, उदयवीर सिंह निवासी छजपुरा सादात व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आसपा की सदस्यता ग्रहण की

**खासपुरा ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी की ओर से रविवार को खासपुरा व उमरी बड़ी में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। इस अभियान का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य आयुष चौहान ने किया। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों से अधिक लोगों ने आज़ाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नये सदस्यों को पार्टी की नीतियों और सामाजिक न्याय की विचारधारा से अवगत कराया गया। इस अवसर पर आयुष चौहान ने दावा किया कि आगामी चुनावों में आज़ाद समाज पार्टी उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक विधायक आसपा के होंगे।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योगाभ्यास



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी गजरौला पाईमार मंडल के अंतर्गत तातारपुर लालू में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने योगाभ्यास कर योग के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। भाजपा जिला महामंत्री बलराज त्यागी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज योग को वैश्विक पहचान मिली है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के सोशल मीडिया जिला प्रमुख रितेश सैन ने कहा कि योग हमारे जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। कार्यक्रम में नरेश, महेश मलिक, जयप्रकाश चौधरी, ईशम सिंह, नरेंद्र सिंह, अतुल शर्मा, अरविंद, देवेंद्र, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## योग हमें निरोगी बनाता है: सुमन वर्मा



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर की समाजसेवी महिलाओं द्वारा रमेश नगर में सुमन वर्मा के आवास पर योग का हमारे जीवन में महत्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सुमन वर्मा ने कहा कि योग हमारे जीवन को निरोगी बनाता है। जिंदगी में स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत जरूरी है। योग से बीमारी से बचा जा सकता है तथा शरीर के कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। योग से सकारात्मक सोच बढ़ती है। आस्था रानी ने भी बताया कि योग करने से बीमारी से बचा जा सकता है। रूपम ने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। सुमन वर्मा की अध्यक्षता एवं फूलमाला वर्मा के संचालन में गोष्ठी में सुधा अग्रवाल, आस्था रानी, रूपम, गीता राजपूत आदि उपस्थित रहीं।



# स्योहारा में जहां देखो वहां योग

**स्योहारा ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्र में जगह-जगह योग शिविर आयोजित किए गये। सरकारी व अर्द्धसरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों के साथ-साथ आम जनमानस ने भी योग शिविरों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सुबह 5 बजे से ही योग कार्यक्रम शुरू हो गये। पंतजलि योगपीठ एवं रामलीला कमेटी के द्वारा रामलीला मैदान में योग आचार्य राजीव रूहेला के नेतृत्व में किया गया। थाना परिसर में समस्त पुलिसकर्मियों ने योग किया। सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों के द्वारा योग किया गया। नगर पालिका में योग शिविर का आयोजन कर कर्मचारियों ने योग किया। डाक्टर विनित देवरा, देशबंधु चौहान,अशोक चौहान,नेमसिंह यादव,इस्पेक्टर अपराध दिनेश यादव,अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, चिकित्सा प्रभारी डाक्टर वीके स्नेही, वरिष्ठ उपनिरिक्षक सूरजीत सिंह, दरोगा राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# मॉडर्न ऐरा स्कूल के बच्चों ने कई जगह जगाई योग की अलख

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हर साल की तरह इस साल भी मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर ने बड़े ही हर्षोल्लास व उत्साह के साथ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया और जिला बिजनौर के मुख्य आकर्षण केवल नेहरू स्टेडियम ही नहीं, बल्कि जिले के प्रसिद्ध ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल विदुर कुटी तथा गंगा बैराज भी रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इन पवित्र और शांत स्थलों पर जाकर योग साधना की। सर्वप्रथम बिजनौर के गंगा बैराज की पावन भूमि पर एकत्रित होकर नन्हे-नन्हे बच्चों के साथ योग आसन किए गए, जिसमें इस सत्र का मुख्य विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रहा। योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि यह हमारे मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी मजबूत करता है। तदोपरांत विदुर कुटी धाम पर जाकर योग आसन किए गए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही लगन से वहां योगासन किए। उसके उपरांत सभी मॉडरियन छात्रों ने स्केटिंग के जरिए अपनी देशभक्ति की भावना को उजागर किया, जिसको देखकर सभी ने उनकी बहुत प्रशंसा की। विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा विश्वास ने सी.बी.एस.ई एवं आयुष्मान मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों का भली-भांति पालन करते हुए अपने समस्त अध्यापकगण और विद्यार्थियों को इस योग दिवस में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। नेहरू स्टेडियम और बाहरी स्थलों पर योग करने के बाद सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय परिसर लौटे। और विद्यालय परिसर में भी पूरी एकाग्रता और अनुशासन के साथ पुन: योग साधना की गई ।



# निरोग काया के लिए योग आवश्यक- अंकिता किशोर

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्र में अनेक स्थानों पर योग शिक्षकों ने योग शिविर लगाकर इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के केहरीपुर स्थित कैंप कार्यालय पर योगाभ्यास कराने के दौरान रेंजर अंकिता किशोर ने बताया कि निरोग काया के लिए योग अत्यंत आवश्यक है, जिससे शरीर स्वस्थ रहने के साथ-साथ मानसिक शांति भी मिलती है। कादराबाद में पंचायत सचिव इरफान अली मंसूरी ने ग्रामीणों को सामूहिक योग कराया और कहा कि मनुष्य को इसे जीवन में प्रतिदिन अपनाना चाहिए। विदित हो कि 27 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मुख सभी देशों से योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था, जिस पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी, जिसके मुताबिक वर्ष 2015 में पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और तब से प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा।



## जेके मॉडर्न एकेडमी में विद्यार्थियों को कराये गये योगासन

**धामपुर ( चिंगारी )।** जे.के. मॉडर्न एकेडमी, धामपुर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षिका सुश्री अनुश्री चौहान ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के चेयरमैन जितेन्द्र चौहान ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा है, जो स्वस्थ जीवन एवं सकारात्मक सोच का आधार है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की एम.डी. श्रीमती कनक चौहान ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण माध्यम है।




## कार्यालय सहायक अभियन्ता-तृतीय, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, बिजनौर

**पत्रांक : 173/स.अ.-3/ नीलामी** **दिनांक : 20.06.2026**

### नीलामी प्रेस विज्ञप्ति

इस उपखण्ड के अन्तर्गत मध्य गंगा कालोनी, जनपद बिजनौर में खड़े दो हरे पेड़ों (बकैन-01, पापड़ी-01) कुल 02 की नीलामी स्थान मध्य गंगा कालोनी परिसर में दिनांक 25.06.2026 को समय प्रात: 11.00 बजे की जायेगी। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि नीलामी से पहले मौके पर निरीक्षण एवं नियम शर्तों हेतु श्री दलीप सिंह कार्यवाहक जिलेदार मोबाइल नम्बर 8171243790 से सम्पर्क कर सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति धरोहर धनराशि 130.00 (एक सौ तीस रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट अधिशासी अभियन्ता, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, बिजनौर के पक्ष में देय हो या नगद जमा करके नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं एवं व्यक्ति को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड मूलरूप में तथा एक-एक छायाप्रति एवं एक नवीन फोटो लाना अनिवार्य होगा। पेड़ों की कटाई व ढुलाई का व्यय, जी.एस.टी. कर एवं किसी भी प्रकार का अतिरिक्त कर विभाग द्वारा उच्चतम बोलीदाता को नहीं दिया जायेगा। नीलामी प्रक्रिया में अन्तिम निर्णय एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता का होगा।

**(रितेश काला)**
**सहायक अभियन्ता-तृतीय**
**पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4**
**बिजनौर**


# ग्राम ज्वाली लाला में विधायक हाजी तसलीम ने किया सीसी रोड का लोकार्पण



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सपा विधायक हाजी तसलीम अहमद ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ज्वाली लाला उर्फ छोटी ज्वाली पहुंचकर अपनी विधायक निधि से निर्मित 230 मीटर सीसी रोड का लोकार्पण किया। उपस्थित ग्रामीणों ने नजीबाबाद विधायक का इस कार्य को कराने के लिए स्वागत किया। पिछले कई वर्षों से यह वर्षा ऋतु में जलभराव के कारण बाधित हो जाता था, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इससे पहले भी नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद द्वारा ग्राम ज्वाली लाला में चार सड़कों का निर्माण कराया गया था। इस मौके पर आसिद नजीबाबादी, ग्राम प्रधान मतलूब अहमद, पूर्व प्रधान इरशाद अहमद, मोहम्मद जुनैल, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद नफीस, परवेज रईस, लख्खी, बब्बू, मोहम्मद अजमल, बुन्दू, शाकिर, मुस्तकीम, महमूद, आजाद, नासिर, इमरान डीलर, राशिद, अबूजर, वाहिद, हसीनू, अख्तर, लाला, सईद अहमद, विधायक प्रतिनिधि नितिन कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# राजू की शानदार प्रस्तुति देख लोगों को अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ

बिजनौर (चिंगारी)। प्रेमधाम आश्रम के वार्षिकोत्सव में राजू सैनी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया।कार्यक्रम में मौजूद भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने राजू के बौद्धिक विकास और आत्मविश्वास को देखकर इसका श्रेय प्रेमधाम आश्रम और संत जोसेफ हाई स्कूल के शिक्षकों को दिया है।

गौरतलब है कि बालक राजू सैनी कस्बा बढ़ापुर के मोहल्ला सत्तियान का निवासी है। मार्च 2024 में उसके परिवार के सभी सदस्यों की गरीबी एवं बीमारी के चलते उपचार के अभाव में मृत्यु हो गई थी जिसके चलते राजू अनाथ एवं बेसहारा हो गया था। राजू जन्म से ही मानसिक रूप से कमजोर था। राजू के अनाथ एवं बेसहारा होने के समाचार को सांध्य दैनिक चिंगारी ने जब प्रमुखता से प्रकाशित किया तो समाचार का संज्ञान लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती चौधरी निगम राजू के घर पहुंची थी और राजू को अपना कर उक्त दंपति ने उसके स्वास्थ्य, मानसिक विकास एवं शिक्षित करने के लिए प्रेम धाम आश्रम के द्वारा संत जोसेफ हाई स्कूल दोदराजपुर में प्रवेश दिल दिया था। इस विद्यालय में मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए विशेष शिक्षा का प्रबंध है। प्रेमधाम आश्रम द्वारा राजू का मानसिक उपचार दिल्ली एम्स में कराया जा रहा है। इस उपचार के चलते राजू का अब बौद्धिक विकास हो रहा है।




राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करता राजू सैनी तथा राजू को दुलारते दिगंबर सिंह।

शनिवार को प्रेम धाम आश्रम के वार्षिकोत्सव में राजू सैनी ने राष्ट्र भक्ति कार्यक्रमों में अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। राजू की प्रस्तुति से मंत्र मुग्ध कार्यक्रम में मौजूद राजू के अभिभावक एवं किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने राजू की शिक्षा और उसके बौद्धिक विकास का सारा श्रेय प्रेम धाम आश्रम और संत जोसेफ हाईस्कूल के शिक्षकों को दिया जिन्होंने राजू का जीवन बदलने के लिए दिन-रात एक कर रखा है।

## मंडावली थाने में भी हुआ योग कार्यक्रम

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाना प्रांगण में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में योगासन किया गया। इस मौके पर योग के महत्व को बताते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए, जिससे हम कई बीमारियों से दूर रहकर स्वस्थ रह सकते है। योग हमारे जीवन में व्यक्तिगत रूप से बदलाव लाता है। इस मौके पर एसएसआई योगेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिस स्टाफ ने योगासन किए। मंडावली के छोटे बच्चे तरंग कर्णवाल ने अंतरराष्ट्रीय दिवस पर सभी से प्रतिदिन योग करने की अपील की। तरंग कर्णवाल ने योग दिवस पर कई प्रकार के योगासन कर स्वस्थ रहने का एक संदेश भी दिया।



मंडावली में योग करता छोटा बच्चा तरंग कर्णवाल।

## जलालाबाद में अवैध रूप से निर्मित दुकानों को ध्वस्त कराया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत जलालाबाद क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित दुकानों पर प्रशासन ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। नगर पंचायत व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से दुकानों को ध्वस्त कर दिया। नगर पंचायत जलालाबाद क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से सरकारी जमीन पर दुकानें बनाकर कब्जा किया गया था। मामले की शिकायतें मिलने पर नगर पंचायत प्रशासन ने जांच कराई। जांच के दौरान लेखपाल द्वारा भूमि की पैमाइश की गई, जिसमें संबंधित भूमि सरकारी पाई गई। इसके बाद नगर पंचायत की ओर से दुकानों का संचालन कर रहे लोगों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस मिलने के बाद दुकानों को खाली करा लिया गया था। शनिवार को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनूप रावत के नेतृत्व में राजस्व एवं नगर पंचायत की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची व जेसीबी मशीन की मदद से अवैध रूप से निर्मित दुकानों को ध्वस्त कर दिया।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान


45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# सत्य, अहिंसा के आराधक स्वामी कल्याण देव जी

**हजारों साल नर्गिस अपनी बे-नूरी पे रोती रहा है।**
**बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा।।**

वास्तव में यह धर्मधरा एक कर्मभूमि है। कुछ इंसान इस धरती पर अपना किरदार निभाकर चले जाते है। जो जीवन भर याद आते है। ये धरती कबीर, नानक, सूर, मीरा, रसखान नानक की है। जिन्होंने अपनी लेखनी से समाज को सुधारने तथा ईश्वर की भक्ति की बात कही। उसी श्रंखला में एक ऐसे संत हुए जिन्होने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया। जी हां उनका नाम वीतराग स्वामी कल्याणदेव था। जिन्होंने लगभग 300 शिक्षण संस्थान जिनमें चिकित्सालय, स्कूल कालेज, इंजीनियरिंग की स्थापना की। साथ ही कृषि केन्द्रों को भी स्थापित कराया।



इनकी सेवाभाव से प्रेरित होकर भारत सरकार द्वारा पदम विभूषण सम्मान दिया गया और पदम श्री तथा डी.बिट की उपाधियां भी दी गई। स्वामी कल्याणदेव जी का जन्म 21 जून 1876 को बागपत जनपद के कोताना ग्राम में एक विश्वकर्मा वंशी ब्राह्मण के परिवार में हुआ। बचपन से ही साधुसंतो के साथ काशी, अयोध्या, प्रयागराज में जगह-जगह पर भ्रमण किया तथा हरवक्त ईश्वर का भजन करते रहे। मुनी की रेती ऋषिकेश में स्वामी पूर्णानंद से दीक्षा ली और संन्यासी बन गए। उन्होंने ही इनका नाम कालूराम से स्वामी कल्याण देव रखा।

सन्यासी होने के बाद वह कभी भी अपने घर नहीं गए और सत्य के अराधक के रूप में समाज सेवा करने लगे। किसी गरीब की आंखो में आंसू नहीं देखते और उसकी मदद के लिए तैयार रहते थे। ऐसा था उनका जीवन। पूंजीपतियों द्वारा गरीबो का शोषण उनसे बर्दाश्त नहीं होता था। उनका मानना था कि शिक्षा ही गरीबों की पीड़ा को दूर सकती है। इसी फलस्वरूप उन्होंने अपने जीवन का आधार शिक्षा को माना और स्कूल/कालेजो को खोलने की शुरूआत की। यदि गरीब शिक्षित होगा तो उसका कोई भी शोषण नहीं कर सकेगा। वास्तव में उनका जीवन गांधीवादी विचार धारा पर था। जीवन भर गरीबो की मदद करते रहे। मानव सेवा को ही उन्होंने ईश्वर की सेवा समझा। सारा जीवन पैदल चलकर ही गुजारा कभी भी रिक्शा आदि का सहारा नहीं किया। कहा जाता है कि दो घरों से भिक्षा लेते एक रोटी गाय को, एक कुत्ते को, एक रोटी छत पर पंछी-परिंदो के लिए। अगर कोई भूखा भी आ गया तो अपने हिस्से की रोटी उसको दे देते तथा जल पीकर ईश्वर का गुणगान करते। कहा जाता है कि बड़े से बड़े नेता भी उनकी चरण धूलि को अपने माथे पर लगाते तथा आशीर्वाद पाते। तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीव रेडडी ने उनका पदमश्री से सम्मानित किया। उन्होंने कभी भी किसी से अपनी सेवा नहीं करायी। सुबह उठकर अपनी कुटिया में झाड़ू लगाना फिर ईश्वर की आराधना करना ही उनका लक्ष्य रहा। वर्ष 2000 में राष्ट्रपति के आर. नारायण द्वारा उनको पदम भूषण से सम्मानित किया। जीवन भर उन्होंने सादगी और ईमानदारी से जीवन जीया। उनके पास से जो आता वो खाली हाथ नहीं जाता था। आज उनके द्वारा बनाए गए कालेज/स्कूलों में हमारे बच्चे अध्ययन करते है। ऐसा महान व्यक्तित्व का होना वास्तव में आज के परिवेश में बड़ा ही मुश्किल है। आइये उनके द्वारा किए कार्यो से प्रेरणा लेकर हम भी आशीर्वाद के पात्र बने। इस महान विभूति को मेरा नमन है। 14 जुलाई 2004 को 108 वर्ष की अवस्था में इस महान संत का देहावसान हो गया।

-महेंद्र कुमार शर्मा, हल्दौर

# आर.आर. पब्लिक स्कूल में भव्यता के साथ मनाया गया योग दिवस



**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार को यहां स्योहारा रोड स्थित आर.आर. पब्लिक स्कूल में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष यह वैश्विक आयोजन 'स्वस्थ आयु के लिए योग' के थीम के तहत आयोजित किया गया। रविवार को अवकाश का दिन होने के बावजूद शिक्षा विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए स्कूल को विशेष रूप से खोला गया था, ताकि छात्र और शिक्षक इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बन सकें। स्कूल के प्रांगण में सुबह-सुबह सामुहिक योग सत्र शुरू हुआ, जिसमें सभी ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों ने प्रणायाम, ध्यान और विभिन्न योगाभ्यास किये। योग शिक्षक जीवन सिंह ने नियमित अभ्यास से शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक शांति बनाए रखने पर जोर दिया। स्कूल के चेयरमैन डा. मनुजेंद गुप्ता ने प्राणायाम, अनुलोम विलोम, उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने शीर्षासन शिक्षिका प्राची चौहान ने ताड़ासन, नैंसी चंद्रा ने वृक्षासन, भूमिका राजपूत ने वज्रासन, नरेंद्र सिंह ने पद्मासन, कल्पना शर्मा ने पवनमुक्तासन, अनुराग शर्मा ने सेतु बंधना आसन, विरेन्द्र चौहान ने शवासन कराना सीखाया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित रखने का एक माध्यम है। इस अवसर पर नीता अग्रवाल, शिक्षक चंचल कटारिया, रश्मि बंसल, रीता त्यागी, नीरज त्यागी, संजीव डबास, अजय कुमार, विरेन्द्र चौधरी, कुसुम लता, सुधीर त्यागी, अल्का चौहान, प्रीति चौहान, बबीता पाल, अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कल आयेंगे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

## सपा नेता हेमंत कुमार ने किया कई गांवों का दौरा



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ज्योतिर्मठ बद्रीनाथ पीठ उत्तराखंड के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के स्वागत एवं प्रवचन कार्यक्रम की सफलता को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर जनसंपर्क किया जा रहा है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपनी गौ-रक्षार्थ यात्रा के तहत कल 23 जून मंगलवार की प्रात: बादीगढ़ चौराहे पर स्थित एक बैंकट हॉल में श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे, जहां उनके भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी सपा नेता हेमंत कुमार लगातार क्षेत्र भ्रमण करते हुए कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान कर रहे हैं। हेमंत कुमार के साथ सचिन सहगल, जय सिंह, सचिन कुमार, जोगेंद्र कुमार, विनीत कुमार, हरिराज सिंह, हरदयाल सिंह, यशपाल सिंह, तारा सिंह, प्रमोद कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, मलकीत सिंह, कमल कुमार, लव कुमार, उदय कुमार आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# जैन धर्मशाला में हुआ भव्य योग कार्यक्रम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभावसर पर जैन मिलन, महिला जैन मिलन एवं जैन समाज बिजनौर के तत्वावधान में जैन धर्मशाला बिजनौर में पतंजलि योग के योगाचार्यों श्री ओपी शर्मा, बीआर पाल आदि के संयोजन में प्रात: नौ बजे से दस बजे तक बहुत ही भव्य योग कार्यक्रम हुआ। जैन मिलन परिवार के सदस्यों ने भरपूर भाग लिया। मुख्यत: प्रदीप कुमार जैन, संजय जैन, आशीष जैन, राजीव जैन, ब्रिजेश कुमार जैन, अशोक जैन हुक्का, अजय जैन, शोभित जैन, विनीत जैन, मुकुल जैन, दीपराज जैन, संजय जैन, हाइडिल अशोक जैन, दीपक जैन, आर्यन जैन, वीरांगनाओं में अनिता जैन, दीपाली जैन स्नेहलता जैन, छवी जैन, कमलेश जैन, ऋतु जैन, धीरज जैन, रानी ऐरन आदि ने भाग लिया। बलदेव अग्रवाल नेचुरोपैथी सेन्टर मुरादाबाद से, पतंजलि के डॉ. सुधांशु पवार द्वारा नि:शुल्क बीपी, शुगर आदि की जांच की गई और बीमारियों और उसके इलाज के बारे में आयुर्वेदिक और नेचुरोपैथी द्वारा इलाज बताए। अंत में प्रदीप कुमार जैन द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# श्री देवाशंकर विद्या मंदिर में हुआ वृहद योग कार्यक्रम




**किरतपुर ( चिंगारी )।** विश्व योग दिवस का कार्यक्रम श्री देवाशंकर सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज किरतपुर में प्रात: 5 बजे आरंभ हुआ। विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं एवं कर्मचारियों ने योग कार्यक्रम में भाग लिया। नगर से गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन मास्टर महेंद्र राजपूत ने किया। विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डॉ. छत्रपाल सिंह ने विस्तार से योग के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विश्व शांति की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक रामबहादुर सिंह गहलौत ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हमें योग के द्वारा अपने शरीर को स्वस्थ रखना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरके भारद्वाज ने सभी से आग्रह किया कि हम अपने ऋषि-मुनियों की पद्धति से जीवन यापन करें। गौ माता का दूध पिएं तथा अधिक से अधिक पीपल और बट वृक्ष लगाएं, जिससे ऑक्सीजन की प्रचुर मात्रा सभी को मिल सके। योगाचार्य मेहरा ने सभी का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में चौधरी ज्ञानवीर सिंह, बहन रजनी कालरा, मंजीत सिंह चौहान, आलोक अग्रवाल, आलोक रस्तोगी, गौरव पारासर, भाजपा नगर अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# छत पर सोया था परिवार चोरों ने माल किया पार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पूरनपुर नंगला निवासी महिला मोनी पत्नी स्वर्गीय सुरेन्द्र सिंह अत्यधिक गर्मी के कारण शनिवार की रात अपने बच्चों के साथ घर की छत पर सो रही थी। रात्रि में किसी समय चोर उसके घर में घुस गए तथा चांदी के आभूषण व नकदी साफ़ कर दी। सुबह को पड़ोस में रहने वाले राकेश ने शोर मचाकर महिला को जगाया। शोर सुनकर महिला घर की छत से नीचे आई तो उसका व उसके देवर का कमरा खुला था तथा सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरोगा एस के पुनिया के अनुसार ग्राम बुडगरी निवासी रियाज अहमद पुत्र सरफराज ने 28 मई को थाना किरतपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उनके घर में घुसकर धारदार हथियारों एवं अन्य सामान से हमला कर उनके भाई और परिवार के अन्य सदस्यों को घायल कर दिया। शनिवार को थाना किरतपुर पुलिस ने नामजद आरोपी मोहम्मद अहसान एवं मोहम्मद इरफान निवासी ग्राम बुडगरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडे भी बरामद किये हैं।



# शिविर में 300 से ज्यादा लोगों ने कराई आंखों की जांच



**नगीना ( चिंगारी )।** आईजेबी चैरिटेबल मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल नगीना द्वारा श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल, देहरादून के सहयोग से एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर में 300 से अधिक मरीजों की आंखों व शुगर की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान 45 मरीजों को मोतियाबिंद (कैटरैक्ट) ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इन सभी मरीजों का ऑपरेशन अगले सप्ताह श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल, देहरादून में पूरी तरह नि:शुल्क किया जाएगा। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल की विशेष बस आईजेबी चैरिटेबल मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नगीना से मरीजों को लेकर देहरादून जाएगी और ऑपरेशन के उपरांत उन्हें वापस नगीना लेकर आएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईजेबी चैरिटेबल मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर फरहान मोहम्मद अंसारी तथा नेत्र रोग विभाग के डॉ. इकबाल हुसैन, मोहम्मद गरीब, अलाउद्दीन, मोहम्मद अमन, रमशा अंसारी, बख्तावर, शुमायला, हसीब, मनोज आदि का विशेष योगदान रहा।

# गांव में कलश यात्रा निकालकर स्थापित की मां काली की प्रतिमा

**बिजनौर (चिंगारी)।** मोहम्मदपुर देवमल क्षेत्र के ग्राम हादरपुर स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर प्रांगण में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के बीच मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा स्थापना से पूर्व गांव की महिलाओं ने मंगल कलश यात्रा निकालकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मां काली की प्रतिमा की स्थापना की गई। प्रतिमा स्थापना का कार्य नंदलाल भगत जी द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में राहुल कुमार, अंकुल कुमार, भूदेश सिंह, प्रवीन अग्रवाल, नरदेव सिंह, शुभम चौधरी, योगेश सिंह, ग्राम प्रधान वीरेंद्र, विदपाल सिंह, अनुज कुमार, अनुज भोजियान, पंकज कुमार, पदम सिंह तथा अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।



# प्रत्येक जीव के प्रति दया का भाव रखना चाहिए : शास्त्री

**बिजनौर (चिंगारी)।** गायत्री शक्ति पीठ पर यज्ञ में आहुतियां देकर समस्त जीवों के प्रति दया, करुणा और मैत्री भावना रखने का संदेश दिया गया। हुकुम सिंह शास्त्री और नरेश वालिया ने यज्ञ कराया। रामपाल सिंह यजमान रहे। हुकुम सिंह शास्त्री ने कहा कि दया, करुणा, मैत्री भाव मानवता की पहचान हैं। मात्र मनुष्यों के प्रति ही नहीं, समस्त प्राणीमात्र के लिए हम सबको इसी भावना का परिचय देना चाहिए। यज्ञ के अवसर पर राजीव कुमार एडवोकेट, पंकज, देवराज त्यागी, उषा त्यागी तथा डा. अरुण कुमार व कुसुम लता के विवाह दिवस तथा राजीव एडवोकेट, एकता राठी और प्रणाम भटनागर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विशेष वेद मंत्रों से आहुतियां प्रदान कीं गईं। सभी को आशीर्वाद देकर उनके दीर्घायु, निरोगी जीवन और अटूट धनवान होने की कामना की गई। यज्ञ में ओमपाल सिंह, प्रेम प्रताप सिंह, राम गुप्ता, रामकुंवर सिंह, बिजेन्द्र राठी, केदारनाथ साहू, शौर्य, प्रेमवती, नर्मदा साहू समेत अनेक श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान कीं।



# सिद्धकुटी पर परसों दूसरी बार लगेगा गंगा दशहरा मेला



सिद्धकुटी पर दशहरा को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ (फाइल)

**नांगल सोती (चिंगारी)।** इस बार दो ज्येष्ठ (जेठ) मास हैं, तो गंगा दशहरा पर्व भी दो बार मनाया जायेगा। यूपी-उत्तराखंड की सीमा के पास गैंडीखाता (उत्तराखंड) के वन क्षेत्र में पतित पावनी मां गंगा के पावन तट पर स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन धार्मिक स्थल 'सिद्धकुटी' पर दूसरी बार गंगा दशहरा का मेला परसों यानी 24 जून को लगेगा।

इस हिंदी वर्ष में दो ज्येष्ठ (जेठ) माह हैं। इस समय दूसरा ज्येष्ठ माह चल रहा है। प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है, जो कि सनातन धर्म का प्रमुख पर्व है। मान्यता है कि इसी दिन पतित पावनी, मोक्षदायिनी मां गंगा का अवतरण स्वर्ग से पृथ्वी पर हुआ था। पिछले ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरा का पर्व 25 मई को मनाया गया था, जबकि इस ज्येष्ठ माह में परसों यानी 24 जून को मनाया जायेगा। गंगा दशहरा पर नांगल चंदक, मंडावर, बिजनौर, नजीबाबाद क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रसिद्ध एवं प्राचीन धार्मिक स्थल 'सिद्धकुटी' पर गुड़ की भेली एवं अन्य प्रसाद चढ़ाने जाते हैं। मेरठ और हरियाणा के श्रद्धालु भी यहां आते हैं। सिद्धकुटी के महात्मा कन्हैया महाराज ने बताया कि मेले में दुकानें लगाने के लिये दुकानदार आने शुरू हो गये हैं।

# महिन्द्रा मैक्स गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**पैजनिया (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव सोतखेड़ी बस अड्डे पर महिंद्रा मैक्स वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने महिंद्रा मैक्स को कब्जे में लेते हुए घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। रविवार की शाम करीब 8: 00 बजे नहटौर थाना क्षेत्र के गांव बैरमनगर निवासी अबरार पुत्र उमर अंसारी (40 वर्ष)जावेद पुत्र जाहिद हुसैन (38 वर्ष) बाइक पर सवार होकर नहटौर की ओर जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक जब वे हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव सोतखेड़ी के बस अड्डे पर पहुंचे, इस दौरान विपरीत दिशा से आ रही महिंद्रा मैक्स गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक सड़क पर जा गिरे, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां अबरार की गंभीर हालत देखते हुए उसे मेरठ के हायर सेंटर में रैफर किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि घायलों का उपचार जारी है, अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विदुर कुटी घाट पर हुई 200वीं गंगा आरती

**छाछरी मोड़ (चिंगारी)।** महात्मा विदुर की पावन स्थली श्री विदुर कुटी गंगा घाट पर गंगा समग्र संगठन के द्वारा गंगा जी की 200वीं साप्ताहिक गंगा आरती, आरती प्रमुख छकेंद्र के द्वारा विधि विधान से संपन्न कराई गई। आरती में मुख्य यजमान आशीष शर्मा पत्रकार बिजनौर सपरिवार सम्मिलित हुए। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने मां गंगा को मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी और कल्याण करने वाली बताया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंह, ब्रजपाल सिंह, मास्टर रघुवीर सिंह, सत्यवीर सिंह, मूलचंद चौधरी, राजकुमारी, राजेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह, हरवीर सिंह, देवेश चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, रामप्रीत शर्मा, नेहा वत्स, रोशनी शर्मा, अमन शर्मा, गगन वत्स, सोनिया शर्मा, रिछपाल, सूरज सिंह ने आरती में भाग लिया।

Hero
बाइक बिकाऊ है
Hero



हीरो की सबसे दमदार बाइक
Mavrick 440cc
पुरानी बाइक शीघ्र बिकाऊ है।
मात्र 9 किलोमीटर चली हुई।

तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को फंसाने के लिए हिन्दू प्रधान ने गौवध कराया

## पांच आरोपी गिरफ़्तार, तीन अभी फ़रार : एक के पैर में लगी गोली

**नूरपुर ( चिंगारी )।** गत 18 जून को क्षेत्र के गांव चांगीपुर के जंगल में एक गौवंशीय वध की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना की सूचना पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर हंगामा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने उपनिरीक्षक रोहित कुमार की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम बनाकर मामले की जांच में जुट गई थी। पुलिस ने गौवध की घटना के एक आरोपी फैजान पुत्र फारूक को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी सलमान व जुबैद अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फ़रार हो गए। पुलिस की विवेचनात्मक कार्यवाही में वर्तमान ग्राम प्रधान जगपाल सिंह पुत्र रोहतास, खेत मालिक रामावतार सिंह,फारुक, किरणपाल सिंह, ब्रहमपाल सिंह उर्फ संता आदि भी घटना में शामिल हैं। पुलिस को पूछताछ में आरोपी फैजान ने बताया कि 18 जून की घटना को वर्तमान ग्राम प्रधान जगपाल सिंह ने राजनीतिक द्वेष के चलते गांव के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हसन पुत्र जाशम अली को फंसाने के लिए उक्त घटना को कराया था। पुलिस ने घटना के सम्बंध में ग्राम प्रधान जगपाल सिंह, उसके भाई किरणपाल सिंह, रामावतार सिंह, ब्रहमपाल सिंह उर्फ संता, फारूक, फैजान, सलमान, जुबैद (मुरादाबाद) समेत आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने फैजान के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस व पशु कटान के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने ग्राम प्रधान जगपाल समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। तीन आरोपी फ़रार हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार, उपनिरीक्षक रोहित कुमार, कांस्टेबल मोहनस्वरूप, मोहित कुमार, अंकित कुमार मौजूद रहे।

### राजनीति भी क्या-क्या करा देती है?

**राजनीति भी इंसान को क्या-क्या करने पर मजबूर कर देती है। राजनीति में इंसान इतना अंधा हो जाता है कि अपनी धार्मिक सीमाओं को भी लांघ जाता है। राजनीतिक प्रतिद्वंता के चलते वर्तमान ग्राम प्रधान चांगीपुर जगपाल सिंह पुत्र रोहताश ने गौवंश का वध कराया है।**

## कार मालिक ने खुद पुलिस को दी दुर्घटना की जानकारी

**नगीना ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर कालाखेड़ी रेलवे फाटक के ऊपर सड़क पार कर रहे एक 75 वर्षीय बुजुर्ग की कार से टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। घटना रविवार की तड़के तीन बजे घटित हुई। देहरादून निवासी हरीश कुमार अपनी कार से काशीपुर से देहरादून जा रहे थे। रविवार की तड़के करीब तीन बजे जब उसकी कार कालाखेड़ी फाटक के ऊपर फोरलेन पर पहुंची तो अचानक सड़क पर एक बुजुर्ग व्यक्ति कार के सामने आ गया। इस घटना में कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई। खास बात ये भी रही कि दुर्घटना की जानकारी खुद कार मालिक ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक की पहचान 75 वर्षीय मुन्ने शाह पुत्र बुन्दू, निवासी मोहल्ला जती नगीना के रूप में हुई। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

## पारिवारिक कलह से तंग आकर, हालत बिगड़ी ज़हर खाकर

**नहटौर ( चिंगारी )।** गांव जरीफपुर चतर में पारिवारिक विवाद से आहत होकर एक 19 वर्ष की युवती ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत बिजनौर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक, परिवार में किसी बात पर बहस हुई थी। इस झगड़े से युवती काफी मानसिक तनाव में आ गई और उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब युवती की तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश होने लगी, तब परिजनों को इस बात का पता चला। परिजनों में हड़कंप मच गया और वे उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

## एस के नर्सिंग होम ने श्रद्धालुओं व राहगीरों को पिलाया शरबत

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच ग्राम टांडामाईदास में डॉ. सुशील कुमार ने शरबत का विशाल शिविर आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से राहगीरों, कोटद्वार सिद्धबली मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं व मजदूरों, किसानों तथा स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित कर गर्मी से राहत प्रदान की गई। शिविर सुबह से ही शुरू हो गया था, जहां सम्मानपूर्वक कोटद्वार सिद्धबली मंदिर के श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया गया। गर्मी के कारण परेशान राहगीरों ने शरबत पीकर राहत महसूस की और आयोजन की सराहना की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया तथा सेवा कार्य में अपना योगदान दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सेवा और मानवता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। क्षेत्रवासियों ने आयोजन को सफल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहित एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। शरबत के इस शिविर ने न केवल लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई, बल्कि समाज में सेवा, सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में डॉ. सुशील कुमार उर्फ पिंकू, पत्रकार सूर्यवंशी दिलेराम, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, पत्रकार वाजिद मलिक, रविंद्र कुमार, अंश कुमार, विनोद कुमार, शिवम, नीरज कुमार, अरशद, वासु कुमार, मनीष आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



डॉक्टर सुशील कुमार कोटद्वार मंदिर पर जा रहे श्रद्धालुओं को शरबत पिलाते हुए।

## शाबाश नव्या !

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ व्यापारी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल गंधक वालों की पोती तथा भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पल्लव अग्रवाल व श्रीमती पलक अग्रवाल की होनहार पुत्री नव्या अग्रवाल ने एकेटीयू लखनऊ कैम्पस से बी. आर्क. इन आर्किटेक्ट की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर नव्या अग्रवाल के परिवार को बधाई मिल रही है। नव्या अग्रवाल ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा आधारशिला स्कूल चांदपुर से की तथा इस स्कूल से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण कर एकेटीयू लखनऊ में प्रवेश लिया।



नव्या अग्रवाल

## मौलाना ने धर्मनंदा ब्लड बैंक पहुंचकर किया रक्तदान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम स्योहारा एवं धर्मनंदा ब्लड बैंक ने संयुक्त रूप से रोगी को रक्त देकर इंसानिय की मिसाल पेश की।

नहटौर निवासी एक व्यक्ति को बीमारी के चलते ब्लड की जरूरत हुई तो ऑल इंडिया पयाम ए इंसानिय के वाटसएप ग्रुप में एक युनिट ब्लड देने के लिए अपील की गयी, जिस पर मौलाना अरशद अली हक्की ने धर्मनंदा ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया और जरूरतमंद को पहुंचाया। मौलाना अरशद अली हक्की ने बताया कि कुरान कहता है कि जिसने एक जान बचाई गोया उसने सारी इंसानियत को जिंदा किया। इसलिए जरूरतमंद के लिए तत्काल पहुंचें और रक्तदान करें। मौलाना ने कहा कि धर्मनंदा ब्लड बैंक का शुभारंभ कर डाक्टर मनोज वर्मा ने बहुत नेक काम किया है। डाक्टर मनोज वर्मा ने कहा कि मौलाना अरशद हक्की को जैसे ही मालूम हुआ कि ब्लड की जरूरत है, वैसे ही उन्होंने कहा कि मैं रक्तदान करूंगा। दुर्लभ रक्त जो बहुत कमी से मिलता है, मौलाना का भी वही ब्लड ग्रुप है।




## औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती को भावभीनी विदाई दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, बिजनौर द्वारा औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती के सम्मान में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के दवा व्यापारियों एवं एसोसिएशन पदाधिकारियों ने श्री भारती के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

विदाई समारोह के दौरान अपने संबोधन में औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि उनका बिजनौर से विशेष लगाव रहा है और यहां के दवा व्यापारियों तथा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन से उन्हें हमेशा सहयोग और सम्मान मिला। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिले में दवा व्यवसाय और औषधि प्रशासन के बीच समन्वय और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर जिला चेयरमैन देवेश कुमार, जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार, जिला महासचिव सतीश कुमार गहलौत, जिला मुख्य संरक्षक एमपी सिंह, वीरपाल सिंह, सुशील कुमार, जिला मुख्य सचिव केके अग्रवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, बृजेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सोनू सिंह, जिला मीडिया प्रभारी पुखराज मलिक, मनोज शर्मा, जिला सचिव तारिक भाई, इंद्रदेव सिंह, मंडावर यूनियन के कोषाध्यक्ष सफी भाई, अखिलेश कुमार, गौरव जैन, नरेंद्र कुमार, कोतवाली यूनिट के कोषाध्यक्ष मुकेश त्यागी आदि उपस्थित रहे।



# मोदी सरकार में कल्पना से परे विकास हुआ : कटारिया

## हसुपुरा में रात्रि चौपाल का आयोजन

नूरपुर ( चिंगारी )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 7 जून 2026 को केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्र व राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार की नीतियां, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रम की उपलब्धियों तक था जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने के लिए विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायत हसुपुरा में मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री व एमएलसी अशोक कुमार कटारिया एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान की उपस्थिति में रात्रिकालीन चौपाल का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अशोक कुमार कटारिया का आकांक्षा चौहान के द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा तथा ग्राम प्रधान पूनम देवी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। आकांक्षा चौहान का खण्ड विकास अधिकारी डा. दिनेश पाल शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में एसडीएम नितिन तेवतिया ने तहसील स्तर पर चल रही योजनाओं को चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को बताया। सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी छविनाथ सोनकर ने पंचायती राज विभाग, एआर कापरेटिव ने सहकारिता विभाग तथा बीएसए ने शिक्षा विभाग की योजनाओं को विस्तार से बताया। ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। एमएलसी अशोक कटारिया ने कहा कि इन 12 वर्षों में मोदी जी ने हिन्दुस्तान को अपना परिवार मानकर, बिना किसी भेदभाव के भारत के खजाने का मुंह गरीब कल्याण के लिए खोल रखा है। पहली सरकारों में गुड़ागर्दी चरम सीमा पर थी परन्तु मोदी और योगी सरकार ने गुंडो की कमर तोड़ने का काम किया है।



मुख्य अतिथि अशोक कटारिया का स्वागत करती आकांक्षा चौहान व राशु चौहान।

### लाभार्थियों को घर की चॉबी सौंपी

*कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने ग्राम पंचायत हसुपुरा में मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थी जोगेन्द्र सिंह व संतोष देवी को प्रतीकात्मक रूप से घर की चाबी वितरित की तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों के अन्नप्रासन कराया। उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया तथा समस्याओं को सुनकर रात्रि चौपाल में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु आदेश दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सत्यवीर सिंह चौहान जिला मंत्री किसान मोर्चा भाजपा व सलीम अहमद एडीओ ग्राम विकास ने किया।*

### उड़द-चावल खिलाये

*कार्यक्रम के अवसर पर ग्रामवासियों तथा मेहमानों के लिए बिजनौर के शाही भोजन उड़द-चावल की व्यवस्था चौपाल में की गई। कार्यक्रम में राशु चौहान, विनय कुमार, धर्मेन्द्र सैनी, डॉ. महेन्द्र सिंह, एडीओ करूणा चौहान, योगेश कुमार, सतीश कुमार, डॉ. राजेन्द्र, डॉ. अजय गन्दर्भ, ग्राम पंचायत सचिव नीरज कुमार, विपिन सैनी, सोहित कुमार, गौरव कुमार, सलमान खान, लोकेश कुमार, पप्पन कुमार, विपिन कुमार, दीपक कुमार, मोहित कुमार आदि तथा भारी संख्या में ग्राम हसुपुरा से ग्रामवासी मौजूद रहे।*

## लग्न रिश्ते में हुई कहासुनी, वापस आते ही चले लाठी-डंडे

स्योहारा ( चिंगारी )। रिश्ता लेकर गये लोगों मे कहासुनी हुई, जिसके बाद वापस आने पर लाठी-डंडे चले, जिसमे 6 लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराकर उपचार कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की। रविवार को भोगपुर गांव निवासी करन सिंह की बेटी का लग्न रिश्ता किरतपुर गया था। रिश्ते में गये निखिल पुत्र संजीव व राजू पुत्र जयप्रकाश में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। जिसके बाद रिश्ते से वापस आए निखिल के पिता संजीव ने जयप्रकाश से कहा कि अपने बेटे को समझा कि झगड़ा न करे। पास ही खड़े भूपेंद्र पुत्र रघुराज ने भी कहा कि लड़ाई झगड़ा नहीं करना चाहिए। इसी बीच दीपू पुत्र जयप्रकाश आया और लोहे की सरिया भूपेन्द्र के सर में मार दी, जिसमें वह गम्भीर घायल हो गया। बाद में भूपेंद्र का पुत्र रोहन व अन्य भी आ गये और लाठीडंडे चले, जिसमें निशा पुत्री जयप्रकाश, बलवीर, राजू, दीपू पुत्रगण जयप्रकाश घायल हो गये। दूसरी ओर से पक्ष से भुपेन्द्र पुत्र रघुराज व रोहन पुत्र भूपेंद्र घायल हो गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी दिनेश यादव ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## इलाही बख्श स्कूल ने शिविर लगाया, ठंडा शरबत और जल पिलाया

अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए इलाही बख्श पब्लिक स्कूल, अफ़ज़लगढ़ द्वारा नगर में शरबत एवं शीतल जल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों एवं आम नागरिकों को ठंडा शरबत और पानी वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। विद्यालय के प्रबंधक मुफ़्ती मोहम्मद इरफ़ान के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में विद्यालय परिवार तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान लोगों की सेवा करना तथा समाज में मानवता, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल मा. सुल्तान, इमरान वफ़ा, फरहान वफ़ा, एडवोकेट सीताराम पिपलिया, मास्टर आसिफ, मास्टर इसरार, डॉ. शाहिद सभासद के अलावा मौलाना मरजान वफ़ा, कारी उबैद, हाजी बबलू, अरहम इरफ़ान, कारी साजिद, असद, अनस अरसलान वफ़ा, हाजी अख्तर सिद्दीकी, मिस्त्री इरशाद कुरैशी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।



## गलखा माता मंदिर में योग दिवस पर हुआ विशेष कार्यक्रम

चंदक ( चिंगारी )। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गलखा माता मंदिर परिसर में विशेष योग, प्राणायाम एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक हितेश भारद्वाज एवं वालंटियर हिमांशु लाटीयान ने उपस्थित जनों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अहलावत, मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक अहलावत एवं जगदीश सैनी, मंडल महामंत्री वरुण राजपूत, राजेश चेयरमैन, जिला पंचायत सदस्य मनोज बाल्मीकि, धनीराम कश्यप, राहुल, सौरभ, अंतरपाल, भागमल, विनोद, नरेंद्र प्रधान, कैलाश कश्यप सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मनोज अहलावत ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है। नियमित योग, प्राणायाम एवं ध्यान के अभ्यास से मानसिक तनाव दूर होता है, शरीर स्वस्थ्य एवं ऊर्जावान रहता है।



## रामपाल सिंह महाविद्याय में हुआ भव्य योग कार्यक्रम

चंदक ( चिंगारी )। रामपाल सिंह महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह एवं सचिव श्री तपराज सिंह देशवाल (ब्लॉक प्रमुख, नजीबाबाद) के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में मिनाक्षी राजपूत, दीपक कुमार, डॉ. नीलम शर्मा, गौरव राठी, मनोज कुमार, नितिन कुमार, जसराम, नरपाल, पुष्पा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योगाभ्यास से स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा जीवन में सकारात्मकता एवं संतुलन बना रहता है। महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह एवं सचिव श्री तपराज सिंह देशवाल ने सभी को नियमित योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।



# सड़क बन जाने से मज़ार पर आने वालों को भी सुविधा होगी - भारतेन्द्र

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की टीचर्स कॉलोनी में स्थित पीर बाबा नासिर मियां की मजार के परिसर के रास्ते में बनाई गई दीवारों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त किए जाने का प्रकरण अब राजनीतिक रंग लेता जा रहा है। इस मामले को लेकर रविवार की शाम पूर्व भाजपा सांसद भारतेंद्र सिंह ने धामपुर की टीचर्स कॉलोनी पहुंचकर वहां के निवासियों से वार्ता की।

इस दौरान उन्होंने रास्ते का भी अवलोकन किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि टीचर्स कॉलोनीवासियों ने जो शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है, उसमें खसरा संख्या 221 में मजार के नाम 0.1140 हेक्टेयर भूमि दर्ज है परंतु मौके पर ज्यादा भूमि कब्जा की गई है। उन्होंने कहा कि जियारत की भूमि से अतिरिक्त भूमि सरकारी है, जिस पर टीचर्स कॉलोनी निवासी सड़क बनवाने की मांग प्रशासन से कर रहे हैं। यह सड़क बन जाने से टीचर्स कॉलोनी वासियों सहित दरगाह पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी लाभ होगा। उनके साथ विहिप गोरक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अनिल के गोयल, भाजपा के सरकंडा मंडल के अध्यक्ष भविराज सिंह चौहान, मनोज चौहान, डॉक्टर प्रकाश वीर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


पूर्व भाजपा सांसद भारतेंद्र सिंह दरगाह के रास्ते का अवलोकन करते हुए।

## जिस दीवार को तोड़ा, वह रास्ते में दर्ज नहीं - विवेक सेन

**आजाद समाज पार्टी के मंडल महासचिव, जिला पंचायत सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि विवेक कुमार सेन ने बताया कि नासिर बाबा मजार परिसर की रास्ते की जिस दीवार को पुलिस और प्रशासन की ओर से तोड़ा गया है, वह राजस्व विभाग अभिलेखों के अनुसार रास्ते में दर्ज नहीं है। मजार कमेटी के लोगों ने मजार पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रास्ता दे रखा था। उन्होंने बताया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार रास्ता पीर मजार के दूसरी तरफ स्थित है। उल्लेखनीय है कि 19 जून, शुक्रवार रात्रि मजार के परिसर की दीवार पर बुलडोजर चलाया था। तब से वहां पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है।**

# धामपुर पब्लिक स्कूल में एनसीसी इंचार्ज ने विद्यार्थियों को कराया योग



**धामपुर ( चिंगारी )।** पब्लिक स्कूल में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक पंकज कुमार तथा अध्यापिकाएं कंचन, कुसुम, जैनब, नसरीना एवं वंदना का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की एनसीसी इंचार्ज कंचन ने सभी विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने भी विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से प्रतिदिन योग करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं मानवी, राधिका, अदीबा, करीमा, राधिका, रहनुमा, कनक, कनिका, खुशी, हिमांशी, मानवी, देव, अब्दुल्ला, निशांत, पियूष ,अंश, विनीत, अब्दुल्ला सहित अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को नियमित योग करने एवं स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प दिलाकर किया गया।

# मज़ार मामले में बसपा भी आई मैदान में

## ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर-कालागढ़ मार्ग पर टीचर्स कॉलोनी स्थित पीर बाबा नासिर मियां की मजार परिसर में ग्राम पंचायत धामपुर हुसैनपुर के गाटा संख्या 220 चकमार्ग व 1326/3 सड़क पुख्ता से अवैध कब्जा हटाने की राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई सियासी रंग ले रही है।

उल्लेखनीय है कि 23 मार्च 2026 को टीचर्स कॉलोनी निवासी नरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, अजय कुमार आदि ने जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को प्रार्थना देकर शिकायत थी कि गाटा संख्या 221 स्थित ज़ियारत के पास अभिलेखों से अधिक क्षेत्रफल है, इसकी जांच की जाए। जांच उपरांत शुक्रवार की रात में राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन ने मजार परिसर में बनी दीवार को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया था।

इस कार्रवाई के विरोध में आज प्रातः बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कविराज सिंह के नेतृत्व में डेलीगेशन ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार धनराज सिंह को सौपा। ज्ञापन में 19 जून को जुमे की रात को नासिर बाबा की मजार के परिसर में बनी हुई दो साइडों की दीवारों को जमीदोज कर दिया गया। उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई की निंदा की। उनका आरोप है कि कार्रवाई 'न्यायसंगत नहीं' थी और बिना उचित नोटिस दिए रात में की गई।

ज्ञापन में मांग की गई है कि इस कार्रवाई की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो, इसमें शामिल अधिकारियो और कर्मचारियों पर विधिक कार्रवाई हो, मजार प्रांगण की बाउंड्री वॉल का पुनर्निर्माण कराया जाए, धामपुर तहसील की पूर्व पैमाइश रिपोर्ट सार्वजनिक हो। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कविराज सिंह ने कहा कि ये मामला सर्वधर्म के लोगों की धार्मिक आस्था से जुड़ा है, इसलिए प्रशासन संवेदनशीलता बरते। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष कविराज सिंह, दिनेश कुमार मंडल महासचिव, मुर्तत अली मुरादाबाद मंडल, धनीराम सिंह, संगम कुमार मंडल महासचिव, राजेश कुमार, राज कुमार, नरेश, सीमा प्रभारी मंडल ब्रह्मपाल सिंह व राजेंद्र समेत कई पदाधिकारियों शामिल रहे।


तहसीलदार धनराज सिंह को ज्ञापन देते हुए बसपा जिला अध्यक्ष कविराज सिंह।

# शिव सेना का 60वां स्थापना दिवस मनाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 60वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ व आरती भी की गयी। मोहल्ला गोकुल नगर स्थित विष्णु धाम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शिवसेना के संस्थापक बाबा साहेब बाल ठाकरे को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर शिवसेना को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चला कर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव रविंद्र कुमार संघर्षी, मंडल प्रमुख एडवोकेट आरके आर्य, जिला प्रमुख चौधरी संजय राणा, युवा सेना जिला प्रमुख विकास त्यागी, भवानी सेवा जिला प्रमुख सोनम त्यागी, मनवीर यादव, महेंद्र सिंह सिरोही, सरदार कुलदीप सिंह, मोनू सैनी, पूनम त्यागी, आदर्श त्यागी, रोहित सैनी, गौरव सैनी, आदेश त्यागी, तरुण त्यागी, सार्थक त्यागी, संदीप बिल्ला, आशू कुमार, सोनू कुमार, आयुष त्यागी, हरीश कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।


शिवसेना के स्थापना दिवस पर हनुमान चालीसा पाठ करते शिवसैनिक।

# संतुलित जीवन जीने की पद्धति है योग : रेखा देवी

## कन्या इन्टर कॉलेज में मनाया गया योग दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर कन्या इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाचार्य अजय महेन्द्र एवं आलोक महेन्द्र द्वारा छात्राओं एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रबंधन समिति की ओर से प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गौरव कुमार अग्रवाल एवं अजय माहेश्वरी उपस्थित रहे। कार्यालय स्टाफ में यशवीर सिंह, लाल सिंह, सुमित, एवं सचिन ने भी सहभागिता की।



प्रधानाचार्या रेखा देवी ने अपने संदेश में कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। योग हमें शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने सभी छात्राओं को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सभी के स्वस्थ, निरोग एवं सुखमय जीवन की कामना के साथ किया गया।

# प्राचीन काल से योग से रही है देश की पहचान : खंडूडी

## ऋतु खंडूडी ने आम लोगों के साथ किया योग


अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने मालवीय उद्यान में किया योग।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति द्वारा मालवीय उद्यान में योग कराया गया। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने भी आम लोगों के साथ योग किया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण खंडूडी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुमन कोटनाला, सिंचाई सलाहकार समिति उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल व गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष पंडित राजेंद्र प्रसाद अंथवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात योग प्रशिक्षकों ने प्रोटोकाल के हिसाब से उपस्थित लोगों को योग करवाया। इस अवसर पर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि प्राचीन काल से ही देश की योग से पहचान रही है और वर्तमान में प्रधानमंत्री उसी कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। योग करने से शरीर हमेशा निरोगी रहता है। इसलिए सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कोतवाल प्रदीप नेगी द्वारा अपने सहयोगियों के साथ तथा योग शिक्षकों तथा योग करने वाले सभी साधकों के साथ नशा मुक्त समाज की परिकल्पना की शपथ ली। इस दौरान भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल, राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमित सजवाण, सत्यनारायण नौटियाल, चंद्र किशोर असवाल, विजय भाटिया और दलजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षक ने छात्रों को योगाभ्यास कराया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ढालवाला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छात्रों ने योग का अभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बड़ोनी व वीरेंद्र किशोर गौड़, सुनील राजपूत एवं आशीष चौहान के द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात छात्रों के द्वारा सामूहिक योग का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने कहा कि विश्व योग दिवस एक वैश्विक समारोह है। यह दिवस योग के अभ्यास के माध्यम से शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, योग का अभ्यास प्रकाश और जीवन शक्ति प्रदान करता है एवं शरीर को निरोग रखता है। विद्यालय के शिक्षक वीरेन्द्र किशोर गौड ने छात्रों को योग संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक आदर्श जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता है, जो कि योग के द्वारा संभव है। विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार राजपूत ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया। छात्रों को ताड़ासन, पद्मासन त्रिकोणासन, वृक्षासन, भुंजगासन, शवासन का अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों में वीरेंद्र किशोर गौड़, सुनील कुमार राजपूत, आशीष चौहान, विक्रम देवी, रमेश गुनसोला आदि उपस्थित रहे।

**योग दिवस को वैश्विक समारोह बताया**

# पर्यटन इकाइयों में स्थानीय युवकों को दे रोज़गार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री से उत्तराखंड में संचालित होटल, रिसॉर्ट और पर्यटन इकाइयों में ग्रुप बी, सी एवं डी के पदों पर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की है। इस संबध में समिति अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत ने कहा कि राज्य के युवा होटल मैनेजमेंट और पर्यटन संबंधी कोर्स करने के बावजूद रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। कहा कि उत्तराखंड में कारोबार कर रहे होटल समूहों के साथ मिलकर स्थानीय युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए, ताकि वे पर्यटन इकाइयों के विभिन्न पदों के योग्य बन सकें। कहा कि उत्तराखंड में कारोबार कर रही पर्यटन इकाइयों में रोजगार में पहला हक स्थानीय युवाओं को मिलना चाहिए। बताया कि इस संबंध में वे मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर चुके हैं।



# महिला योगाचार्यों ने महिलाओं को कराया योगाभ्यास

**ऋषिकेश ( चिंगारी )। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में महिला पतंजलि योग समिति के द्वारा दून घाटी शिक्षण संस्थान गुमानीवाला में योग का कार्यक्रम किया गया, जिसमें स्थानीय महिलाओं, बच्चों ने भाग लिया। दून घाटी शिक्षण संस्थान की प्रधानाध्यापिका अनीता नेगी ने कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर रहने और अधिक से अधिक योग पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि हमारा समाज नशा मुक्त हो सके और सही राह पर चल सके। महिला पतंजलि जिला प्रभारी सुनीता खंडूरी ने कहा कि योग से हमारा तन ही स्वस्थ नहीं होता, बल्कि योग हमारे को मानसिक रूप से भी शक्तिशाली बनाता है और नियमित योग करने से निश्चित रूप से हमारा व्यवहार मे सकारात्मकता आती है। इस अवसर पर रजनी धीमान, रजनी विजल्वान द्वारा सभी को योग का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर अनीता नेगी, वीरेंद्र रमोला, सत्या कपरवाण, राजेश कोठियाल, नीलम चमोली, ऊषा रौतेला, संगीता पंत, प्रभा थपलियाल, बीना चमोली, शिवम आदि उपस्थित रहीं।**

# महाविद्यालय में हुआ योग कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अअवसर पर योग का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राओं ने योग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी एस नेगी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए बचपन से ही योग की आदत डालना बहुत जरूरी है। योग को सभी को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। तत्पश्चात महाविद्यालय के योग प्रशिक्षक डॉ. अनुपम कोठारी ने योग प्रोटोकॉल के हिसाब से विभिन्न योगाभ्यास कराये।

# 'सक्षम' ने अपने स्थापना दिवस पर 12 दिव्यांगों को सहायक उपकरण भेंट किये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दिव्यांग हित में कार्य कर रही संस्था समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम की ओर से कोटद्वार स्थित सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र में संस्था का स्थापना दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर 12 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भेंट किये गए। कार्यक्रम में संस्था के प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी ने कहा कि सक्षम उत्तराखंड में दिव्यांगजनों के लिए बेहतर कार्य कर रहा है, कोटद्वार का दिव्यांग सेवा केंद्र इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों के समुचित उत्थान के लिए समाज को भी आगे आकर भागीदार बनना होगा। संस्था के नगर अध्यक्ष योगंबर सिंह रावत ने कहा कि संस्था की स्थापना दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से ही की गई है, जिस पर लगातार कार्य किया जा रहा है।

तत्पश्चात दिव्यांगजनों को 4 व्हीलचेयर, 1 ट्राईसाइकिल, 3 कान की मशीन, 1 टी एल एम किट, 2 चेयर विद कमोड, 2 स्टिक आदि निशुल्क भेंट किये गए। कार्यक्रम में सक्षम नगर संरक्षक डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल, जिलाध्यक्ष डॉ. बलवंत सिंह नेगी, जिला युवा प्रमुख रूप सिंह, दिव्यांग सेवा केंद्र संचालिका साधना रतूड़ी, मंजू डोबरियाल और हरिमोहन नेगी सहित दिव्यांग जन उपस्थित रहे।

# क्रेडल पब्लिक स्कूल में योग कार्यक्रम आयोजित उल्लेखनीय कार्यों के लिए कई लोग सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महिला पतंजलि योग समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाबर क्षेत्र के निम्बू चौड़ स्थित क्रेडल पब्लिक स्कूल में आमजन को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की उपस्थिति में योग शिक्षिका शोभा रावत ने उपस्थित जनसमूह को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने योग को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का भी माध्यम है। इसलिए सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। तत्पश्चात अंगदान के क्षेत्र में गिरिराज सिंह रावत, रक्तदान के क्षेत्र में गोविन्द डंडरियाल एवं शंकर बहादुर, पक्षी संरक्षण के क्षेत्र में दिनेश कुकरेती, समाज सेवा के क्षेत्र में मयंक प्रकाश कोठारी, कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में डॉ. माधुरी डबराल, खेल के क्षेत्र में अरुण नेगी, समाज सेवा के लिए जयबीर सिंह रावत, प्रिंट मीडिया के क्षेत्र मे दीपक सुयाल, शिक्षा के क्षेत्र में बबीता ध्यानी, सोशल मीडिया के क्षेत्र में संदीप बिष्ट, प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में चंद्र मोहन कुकरेती, गौ सेवा के लिए शकुंतला रावत तथा लोक संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए शिवानंद लखेड़ा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की संरक्षिका रेणुका गुसाईं, कुसुम ध्यानी, उर्मिला नैथानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, पूर्व दुगड्डा ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमन कोटनाला सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रजापिता ब्रह्मा कुमारियों ने किया सेना कैंटीन में योग कार्यक्रम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेना कैंटीन में योग एवं राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेना के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान की संचालिका बी.के. ज्योति बहन ने कहा कि जिस प्रकार तन को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक योग आवश्यक है, उसी प्रकार मन को स्वस्थ, शांत और शक्तिशाली बनाने के लिए राजयोग भी आवश्यक है। जब हम शारीरिक योग को मन की सकारात्मक स्थिति और परमात्मा की स्मृति के साथ करते हैं, तब उसका लाभ कई गुना बढ़ जाता है। कहा कि आज अधिकांश लोग वॉकिंग और व्यायाम तो करते हैं, लेकिन उनके मन में चिंता, तनाव और नकारात्मक विचार भी जुड़े रहते हैं, जिससे उन्हें व्यायाम का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। यदि शारीरिक गतिविधियों के साथ मन को भी सकारात्मकता, शांति और आत्मिक शक्ति से जोड़ा जाए, तो व्यक्ति का संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर बनता है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# 1400 साल बाद भी इमाम हुसैन के गम में वही ताजगी बाकी




## पांचमी मजलिस में बोले मौलाना कमान ताहिर

बिजनौर (चिंगारी)। मोहर्रम की पांचवी मजलिस मौहल्ला बुखारा स्थित इमाम बाड़ा में आयोजित की गयी। मजलिस को खिताब करते हुये मौलाना कमाल ताहिर नकवी ने कर्बला में इमाम हुसैन द्वारा दिये गये बलिदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि चौदह सौ वर्ष का विस्तृत समय गुजर जाने के बाद भी आज तक इमाम हुसैन के गम में वही ताजगी बाकी है। उन्होंने इमाम हुसैन की बहन हजरत जैनब का जिक्र करते हुये कहा कि इमाम हुसैन अपनी बहन जैनब से बेपनाह प्यार करते थे। जैनब ने भी अपने भाई इमाम हुसैन के मकसद के लिये अपने दोनों बेटों को कुर्बान कर दिया। कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत के बाद जैनब ने अपने भाई के मकसद को अंजाम तक पहुंचाया। मजलिस में मरसिया ख्वानी अहमद रजा ने की, जबकि नोहा ख्वानी मौ. आसिम फैसल लख्वेहसन कामरान व सलमान ने की। मजलिस में मुजाहिद हसन, वसी मौहम्मद अख्तर हसन, फिरदौस खा, अली इमाम, कायम मेहदी आदि मौजूद रहे।

## आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।

कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8191819148

## सूचना

किराये के लिये मकान खाली है। फ्रंट 20 फीट , कुल क्षेत्रफल 2,300 वर्ग फीट। संपर्क करें- 9837603522
लोकेशन - नगीना रोड पर सुभाषनगर, नजीबाबाद में

## वधू चाहिए

क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।
सम्पर्क करें- 8218839150

## सूचना

मेरा पुत्र अरूण कुमार मेरे कहने से बाहर हो गया है। अतः मैं इससे अपने सभी प्रकार के सम्बंध खत्म करता हूं। इसका मेरी चल/अचल सम्पत्ति पर भी कोई अधिकार नहीं होगा। इसके द्वारा किये गये लेन-देन व कार्यो के प्रति मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
-रामकुमार पुत्र श्याम लाल, मौहल्ला सुरेंद्र नगर, बिजनौर (उ.प्र.)



## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



